












# कॉलरलेस शर्ट

*आज हम शुरू से सीखेंगे कि बटन-डाउन कॉलरलेस शर्ट कैसे बनाई जाती है।*

**सामग्री की सूची**

2.5 मीटर प्रिंटेड फैब्रिक जिसकी चौड़ाई 45"
कॉलरलेस शर्ट का टेम्प्लेट जिसे आप हमारी वेबसाइट **www.ushasew.com** डाउनलोड कर सकते है
चॉक
बीडेड पिन
कैंचीं
स्केल
नापने का फीता
¼ मीटर कैनवास फ़्यूज़िंग
उषा जेनोम बटन होल फुट
मैचिंग धागा
12 x शटर बटन

इस ट्यूटोरियल मे हम आपको शर्ट के लिए आवश्यक विभिन्न टुकड़ों को टेम्पलेट से काटना, शर्ट के सामने के हिस्से को बनाना, आगे और पीछे के हिस्से को जोड़ना, नेकलाइन को फिनिश करना, कफ वाले आस्तीन को बना के शर्ट से जोड़ना, साइड सीम और बॉटम हेम को फिनिश करना और अंत में बटन लगाना दिखाएंगे।

## चरण 1: टेम्प्लेट का निशान लगाना और काटना


अपनी पसंद का कोई भी कपड़ा लें, कपड़े के सीधे हिस्से को ऊपर की ओर कर के पूरी तरह से खोलें, और इसे लंबाई में आधा मोड़ें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। फिर www.ushasew.com से डाउनलोड किये गए शर्ट के बैक टेम्प्लेट को कपड़े के ऊपर रखें। ध्यान दें कि जिस साइड पर 'ऑन फोल्ड' लिखा हो उसे कपड़े के फोल्ड के ऊपर रखें। इसमे बीडेड पिंस लगा दें और सुनिश्चित करें कि पिन कपड़े की दोनों परतों मे लगा हो।



फिर चाक से पूरे कपड़े पर टेम्पलेट के अनुसार निशान लगा लें। निशान लगाने के बाद टेम्प्लेट से पिन निकालें और इसे एक तरफ रख दें। अब कैंची से निशान लगाए गए पैटर्न को काट लें। इसे धीरे-धीरे और स्थिरता से काटें ताकि पैटर्न बरकरार रहे। घुमाव पर सावधानी से काटें। काटे हुए टुकड़े को एक तरफ रख दें।











अब बचे हुए कपड़े के मोड़ें और जिस टेम्पलेट पर फ्रंट लिखा है उसे इसके ऊपर रखें। ध्यान दें कि फ्रंट टेम्प्लेट को फोल्ड पर नहीं रखना है क्योंकि इसमें दो टुकड़े होंगे। बैक टेम्प्लेट की ही तरह फ्रंट टेम्प्लेट को भी सही जगह रख के बीडेड पिंस लगा दें। फिर चॉक से कपड़े के ऊपर टेम्पलेट के अनुसार निशान लगाएं, घुमावदार किनारों पर ध्यान दें। ये करने के बाद टेम्प्लेट से पिन निकाल लें और इसे एक तरफ रख दें। अब कैंची से लगाए हुए निशान के अनुसार काट लें। यह करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें क्योंकि यह आपके पैटर्न को बना या बिगाड़ सकता है। ये करने के बाद इस टुकड़े को भी एक तरफ रख दें।

















अब बचे हुए कपड़े से हम आस्तीन बनाएंगे। इसे ट्यूटोरियल मे दिखाए अनुसार आधे में मोड़ें और आस्तीन के टेम्प्लेट को कपड़े के ऊपर रखें। टेम्पलेट पर बीडेड पिन लगा दें ताकि निशान लगाते समय यह स्थिर रहे। फिर चाक से पूरे कपड़े पर टेम्पलेट के अनुसार निशान लगा लें। घुमावदार किनारों पर धीरे-धीरे और स्थिरता से निशान लगाएं और स्लिट को भी चिह्नित करना याद रखें। ये करने के बाद टेम्प्लेट से पिन निकाल लें। आप बीडेड पिंस को उनके सही जगह पर वापस रख दें ताकि कोई चोट न लगे। अब निशान लगाए हुए आस्तीन को काट लें। स्लिट काटना न भूलें। ये करने के बाद, बचा हुआ कपड़ा लें और दिखाए अनुसार उस पर फेसिंग टेम्प्लेट रखें। इसके बाद दो प्लैकेट के टेम्पलेट्स रखें। इसके बाद कफ के टेम्प्लेट को रखें, लेकिन ध्यान दें कि कफ टेम्प्लेट पर 'ऑन फोल्ड' लिखे हुए हिस्से को कपड़े के फोल्ड के ऊपर रखें। अब इन सभी अलग-अलग टेम्पलेट्स को कपड़े पर रख के पिन लगा दें ताकि निशान लगाते समय ये स्थिर रहें। इसके बाद चाक लें और कपड़े पर कफ टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगाना शुरू करें और फिर धीरे-धीरे और स्थिरता से प्लैकेट का निशान लगाएं। अंत में फेसिंग टेम्प्लेट का निशान लगाएं। ये करने के बाद, कफ टेम्प्लेट से पिन निकालें और किनारे पर फिर से पिन लगाएं क्योंकि हमें कफ के दो टुकड़ों की आवश्यकता होगी। इसका भी निशान लगा लें। अब धीरे-धीरे सभी टेम्पलेट्स से पिन निकालें और उन्हें एक तरफ रख दें।





कैंची लें और सभी निशान लगाए गए टुकड़ों को काट लें। कफ से शुरू करें और फिर प्लैकेट को काटें। घुमावदार किनारों पर बहुत सावधानी से काटें। अंत में फेसिंग को काट लें। इन सभी को एक साथ बिछाएं। आपके काटे गए सभी टुकड़े इस तरह दिखने चाहिए।




अब कैनवास फ्यूज़िंग लें और इसे आधे मे मोड़ें ताकि चमकदार हिस्सा एक दूसरे के सामने हों और कफ टेम्पलेट को उसके ऊपर रखें। कफ के दो टुकड़ों को काटने के लिए हमने फ्यूज़िंग को आधे मे मोड़ दिया है। कपड़े के ऊपर इसके अनुसार निशान लगाएं। निशान लगाए हुए कपड़े के टुकड़े को सावधानी से काटें। आपके पास इस तरह के दो टुकड़े होने चाहिए। बहुत अच्छे! अब हमने काटने के सभी काम कर लिए हैं।

## चरण 2: शर्ट के फ्रंट पीस को बनाना







अगले चरण के लिए शर्ट के सामने के दो टुकड़े और दो फेसिंग स्ट्रिप्स लें जिन्हें हमने काटा है। फेसिंग स्ट्रिप्स को शर्ट के खुलने वाले हिस्से पर सिलना है। इसके लिए इन्हें अपनी उषा जनोमे एल्योर डीलक्स सिलाई मशीन पर ले जाएं। फेसिंग स्ट्रिप को दायें फ्रंट पीस के उल्टी साइड पर रखें। फ्रंट पीस को प्रेसर फुट के किनारे से संरेखित करें, सीधा हिस्सा ऊपर की ओर हो। लेकिन सिलाई शुरू करने से पहले सुनिश्चित करें कि सीधी सिलाई के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल A पर सेट हो और सिलाई की लंबाई 2.5 पर सेट हो, और सिलना शुरू करें। शर्ट के अंत तक सिलें। टांको को मजबूत करने के लिए रिवर्स स्टिच सिलेक्टर से रिवर्स टांके लगाना न भूलें।









ये करने के बाद फेसिंग स्ट्रिप को बिना सिले हुए हिस्से से खोलें और इसे ट्यूटोरियल मे दिखाए अनुसार दाईं तरफ आधे मे मोड़ें। अब फोल्ड को लें और इसे सीम लाइन के ऊपर रखें। अब हम इस फोल्ड पर सिलाई करेंगे। यह फोल्ड 1.5 इंच का है। सिलने के साथ-साथ फोल्ड करते रहें। सिलाई करते समय सुनिश्चित करें कि फोल्ड को सीम लाइन पर सही ढंग से रखा गया हो। सिलने के बाद यह इस तरह दिखना चाहिए। एक अच्छी फिनिश के लिए किसी भी अतिरिक्त कपड़े और धागे को काट लें। अब फ्रंट पीस के बायें हिस्से का कपड़ा लें। कपड़े के दायें हिस्से को फेसिंग स्ट्रिप से मिलाएं जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। और इसे सिल दें। शुरु और अंत में रिवर्स टांके लगाना न भूलें। कपड़े के अंत तक सीधी सिलाई करते रहें।



ये करने के बाद, फेसिंग स्ट्रिप को खोलकर पलटें और दिखाए अनुसार क्रीज बनाएं। अब कपड़े को घुमाएं और फेसिंग स्ट्रिप को आधे तक मोड़ें और धीरे से दबाकर फोल्ड पर क्रीज बनाएं। फिर पुरे स्ट्रिप को दिखाए अनुसार सीम लाइन तक मोड़ें। अब हम सीम लाइन के ऊपर सिलेंगे। किनारे को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। कपड़े के आखिर तक सिलें, ओर शुरू और अंत में रिवर्स टांके लगाना न भूलें।




ये करने के बाद आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए। जैसा कि आप देख सकते हैं कि फ्रंट के दायें पीस का फेसिंग कपड़े के सीधी तरफ है और शर्ट के बायें तरफ का फेसिंग उल्टी तरफ है। यह आगे और पीछे से इस तरह दिखना चाहिए।























## चरण 3: कंधों को सिल के और नेकलाइन को फिनिश करके फ्रंट और बैक पीस को जोड़ना

अब शर्ट के बैक पीस को फ्रंट के दोनो पीस के ऊपर रखें। अब हम कंधों को जोड़ेंगे और बायस स्ट्रिप से नेक को फिनिश करेंगे।

इन टुकड़ों को अपनी सिलाई मशीन पर ले जाएं। हम पहले कंधों पर काम करेंगे, उन्हें इस तरह से व्यवस्थित करें कि उल्टी साइड आमने सामने हो और सिलना शुरू करें। ये सिलने के बाद, ऊपर से सीम अलाउंस को 1/8 इंच काटें, ध्यान रखें कि टांके न कटे। अब शर्ट को खोलें और अपनी उंगलिओं से आराम से स्टिच लाइन पर क्रीज बनाएं। अब ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार फोल्ड करें और इस फोल्ड के ऊपर सिलाई करें। हम एक फ्रेंच सीम बना रहे हैं। ये करने के बाद इसे खोलकर पलटें और टांके पर फिर से आराम से क्रीज बनाएं। हम फिर से टांको पर फोल्ड करेंगे जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है और उसके ऊपर सिलाई करेंगे। ये करने के बाद कपड़े को खोलें, सीधा हिस्सा आपकी तरफ हो और जोड़ पर हम एज स्टिच लगाएंगे। कपड़े को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। दूसरे कंधे पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं।

यदि आवश्यक हो तो इस चरण को दोबारा देखें।

कंधो को सिलने के बाद सूची में अगला नंबर नेक को सिलना है। हमने जिस बायस स्ट्रिप को काटा है उसे लें और आधे में मोड़ें और इसे नेकलाइन के दाईं ओर संरेखित करते हैं। सबसे पहले स्ट्रिप को फोल्ड के लिए ½ इंच छोड़ कर काट लें। अतिरिक्त स्ट्रिप अंदर की ओर मोड़ें। अब बायस स्ट्रिप को नेकलाइन पर सिलें। स्ट्रिप और कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें, सिलने के साथ-साथ बायस स्ट्रिप को एडजस्ट करते रहें। जब आप आखिर तक सिल लें तो अतिरिक्त बायस स्ट्रिप को ½ इंच अंदर की ओर मोड़ें और उस पर सिलाई करें। टांके को मजबूत करने के लिए रिवर्स टांके लगाएं।

सिलने के बाद ये इस तरह दिखना चाहिए। जैसा कि आप देख सकते हैं हमारे पास ऊपर कुछ अतिरिक्त सीम अलाउंस है, हम उसे काट देंगे। ध्यान रखें की टांके न कटे। ये करने के बाद, हम ट्यूटोरियल में निशान लगाए हुए भाग पर एज स्टिच लगाएंगे। सिलना शुरू करें और दूसरे छोर तक सिलते रहें। एक बेहतर फिनिश के लिए सिलने के बाद किसी भी अतिरिक्त धागे को काट दें। लेकिन अभी ये पूरा नही हुआ है। हम स्ट्रिप को उलटी तरफ से फिर मोड़ेंगे जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है और इसके ऊपर सिलाई करें।




इसे प्रेसर फुट के किनारे पर संरेखित करें और सिलना शुरू करें। स्थिरता से दूसरे छोर तक सिलें, और ये पूरा हो गया। आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए। किसी भी अतिरिक्त धागे को काट दें।



कटिंग बोर्ड पर वापस जाएं और जैसा कि आप देख सकते हैं हमने कंधों और नेकलाइन को सिल लिया है। क्या यह बेहतर नही दिख रहा?

चरण 4: आस्तीन तैयार करना




इसके बाद हम आस्तीन पर काम करेंगे। आस्तीन के कटे हुए टुकड़ों को लें। अब इन्हें आधे में मोड़ें। यह दायीं आस्तीन होगी और यह बाईं आस्तीन होगी। हम पहले बायें आस्तीन पर काम करेंगे।












आस्तीन को खोलें और सीधा हिस्सा ऊपर कर के ड्राइंग बोर्ड पर रखें। स्लिट पर हम प्लैकेट के स्ट्रिप्स को जोड़ेंगे। प्लैकेट की छोटी स्ट्रिप कपड़े के दाईं ओर होगी। इसे स्थिर रखने के लिए दिखाए अनुसार इसमें पिन लगा दें। प्लैकेट की लंबी वाली स्ट्रिप को कपड़े के उल्टे हिस्से पर सिला जाएगा। प्लैकेट के लंबी स्ट्रिप के किनारों को आस्तीन से मिलाये और पिन लगा दें। इन स्ट्रिप्स को आस्तीन के टुकड़े पर सिल दें। सबसे पहले हम प्लैकेट की छोटी स्ट्रिप को कपड़े पर सिलेंगे। पिन निकालें और सिलना शुरू करें। रिवर्स टांके लगाना न भूलें। ये करने के बाद, स्ट्रिप को पलट कर खोलें और आराम से सीम लाइन पर क्रीज बनाएं। फिर कपड़े को घुमाएं और स्ट्रिप को कपड़े के उलटे हिस्से पर मोड़ें। फिर से आधे मे फोल्ड करें और फोल्ड पर क्रीज बनाएं। अब फोल्ड लें और इसे दिखाए अनुसार स्टिच लाइन पर रखें। अब इस फोल्ड के ऊपर सिलाई करें। ये करने के बाद हम दूसरे प्लैकेट को आस्तीन से जोड़ेंगे। पिन लगाए गए हिस्से को सिलें, सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें।

हम दूसरी आस्तीन पर भी यही प्रक्रिया दोहराएंगे। हम प्लैकेट के दोनों टुकड़ों को आस्तीन से जोड़ेंगे।




सिलने के बाद इस तरह दिखना चाहिए। इसके बाद इस्त्री लें और जोड़े गए प्लैकेट पर इस्त्री करें। प्लैकेट की लंबी स्ट्रिप लें और उसे खोलकर पलटें, बिना सिले हुए हिस्से पर एक चौथाई फोल्ड करें और फोल्ड को बनाए रखने के लिए उस पर इस्त्री करें, फिर स्ट्रिप को फोल्ड करें ताकि मुड़ा हुआ टुकड़ा स्टिच लाइन के ऊपर आ जाए। इस पर इस्त्री करें।


ये करने के बाद, प्लैकेट को ऊपर के किनारे से 1/4 इंच मोड़ें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है और फोल्ड को बनाए रखने के लिए फिर से उस पर इस्त्री करें। इसके बाद ऊपर से फिर मोड़ें और त्रिकोण की नोक बनाने के लिए इस पर इस्त्री करें।







इन चरणों के पूरा होने के बाद, हम ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार प्लैकेट पर टैकिंग स्टिच लगाएंगे। ध्यान रखें कि स्लिट ओपनिंग पर सिलाई न करें और वहां तक सिलने से ठीक पहले टांके लगाना बंद कर दें। अब हम टैकिंग स्टिच पर सिलाई करेंगे। जब आप किनारों पर सीलें तो पिवट तकनीक का उपयोग करें ताकि पुरे कपड़े पर एक ही सिलाई हो। बॉक्स को पूरा करने के लिए 1/4 इंच की दूरी पर एक समानांतर स्टिच लाइन सिलें। ये करने के बाद टैकिंग स्टिच को काट लें। सावधानी से काटें क्योंकि हमें मुख्य सिलाई को नहीं काटना हैं। सिलने के बाद सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।







अब हम कफ को जोड़ेंगे। कफ के एक पीस और उसकी फ्यूज़िंग को लें। कफ के पीस को खोलें और फ्यूज़िंग को उलटी साइड पर रखें और इस्त्री कर दें। जब फ़्यूज़िंग चिपक जाये तो कफ को फिर से इस तरह मोड़ें कि फ़्यूज़िंग वाला हिस्सा आपके सामने हो।






ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार हम सीधे किनारों को सिलेंगे। कफ के किनारे को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। ये सिलने के बाद, अतिरिक्त सीम अलाउंस को काट लें। अब बिना सिले हुए साइड पर, भाग के एक साइड को फ़्यूज़िंग स्ट्रिप के ऊपर मोड़ें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है और उस पर सिलाई करें। किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें।










जैसा कि आप देख सकते हैं हमने एक साइड को सिल लिया है। कपड़े को अंदर से बाहर की ओर पलटें ताकि फ़्यूज़िंग अंदर चली जाए। किनारों को सावधानी से पलट कर एक तरफ रख दें। इसके बाद आस्तीन के कपड़े को लें और इसे आधे में मोड़ें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। खुले हुए साइड्स पर पिन लगा दें। हमें स्लीव सीम अलाउंस को आधे तक सिलना है। टुकड़ों को सिलाई मशीन पर ले जाएं। आस्तीन के साइड सीम को मिलाएं और इसे प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। रिवर्स टांके लगाना न भूलें। अतिरिक्त धागे को काट लें। आस्तीन को अंदर से बाहर की ओर पलटें। अब सबसे दिलचस्प हिस्सा आता है जो है कफ को जोड़ना। अब ज्यादा ध्यान दें!










आस्तीन के किनारे से जहां हमने लंबी प्लैकेट लगाई है, 1½ नापें और इसे निशान लगा लें। अब कफ को नापें। जैसा कि आप देख सकते हैं कि कफ साइड में 9 ¾ इंच है। अब स्लीव ओपनिंग पर किनारे से 9 ¾ इंच नापें जहां हमने छोटे प्लैकेट को लंबे प्लैकेट के किनारे से जोड़ा है। यहां इंगित किया गया यह बिंदु 9 ¾ इंच है। अब बचा हुआ हिस्सा जो लगभग 2 ¼ इंच है वह प्लीट में जाएगा। प्रारंभिक चिह्नित बिंदु से 2 ¼ नापें और निशान लगा लें। अब इन दोनों निशानों के बीच मे एक निशान लगा लें। पहले निशान पर पिंच करें और फिर बीच के निशान पर फोल्ड करें और पिंच किए हुए कपड़े को तीसरे निशान पर रखें। प्लीट पर पिन लगा दें। सिर्फ यह सुनिश्चित करने के लिए कि नाप सही हैं, एक बार फिर आस्तीन की लंबाई को नापें। यह 9 ¾ इंच होना चाहिए।








अब हम दिखाए अनुसार प्लीट पर एक छोटा टांका लगाएंगे। सिले हुए आस्तीन को कफ के अंदर डालें और शीर्ष पर सिलें। सिलते समय आस्तीन और कफ को एडजस्ट करते रहें। अब हम कफ के चारों ओर सिलाई करेंगे। कफ के किनारे को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। सिलने के बाद ये इस तरह दिखना चाहिए। दूसरी आस्तीन पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने प्लैकेट और कफ को आस्तीन से जोड़ दिया है, यहां तक कि प्लीट भी सही बैठा है।

## चरण 5: आस्तीन जोड़ना, साइड सीम और निचले हेम को फिनिश करना








जैसा कि आप देख सकते हैं कि हमें यहां आस्तीन जोड़ना है। दिखाए अनुसार शर्ट को पलट कर खोलें। आस्तीन को आधे में मोड़ें। कैंची से आधे के निशान पर एक नॉच बनाएं। इस नॉच को कंधों पर शर्ट के केंद्र से मिलाएं और इसमें पिन लगा दें। सुनिश्चित करें कि इसका सीधा हिस्सा आमने सामने हो। आसानी से सिलने के लिए पूरी आस्तीन पर पिन लगाएं। दूसरी तरफ भी यही प्रक्रिया दोहराई जाएगी। शर्ट को पलट कर खोलें और आस्तीन पर केंद्र को चिह्नित करें। फिर आस्तीन के आर्महोल वाले हिस्से और शर्ट के पीस पर एक साथ पिन लगाएं। आर्महोल पर काम करने के बाद, हम साइड्स को मिलाएंगे और शर्ट के साइड सीम पर काम करेंगे।












पिन लगाए हुए शर्ट के पीस को अपनी उषा जेनोम एल्योर डीएलएक्स मशीन पर ले जाएं। आस्तीन के किनारे को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और सिलना शुरू करें। जैसे-जैसे हम दूसरी ओर सिलते जाएंगे वैसे-वैसे  पिन निकालते रहेंगे। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने आस्तीन को शर्ट से सिल दिया है। दूसरी तरफ भी यही प्रक्रिया दोहराएं। ये सिलने के बाद हम साइड सीम को सिलना शुरू करेंगे, आस्तीन को एक साथ मिलाएं, और आस्तीन के बीच में से सिलना शुरू करें और हेम तक सिलें। सिलते समय कपड़े को एडजस्ट करते रहें। दूसरी तरफ भी ऐसा ही करें। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने साइड सीम को सिल लिया है। लेकिन अभी यह पूरा नही हुआ है। हम साइड सीम को फिर से ज़िग-ज़ैग टांको के साथ सिलेंगे। पैटर्न सिलेक्टर डायल को C पर और स्टिच लेंथ डायल को 1.5 पर सेट करें। सिलना शुरू करें। ये टांके हमारी शर्ट को एक बेहतर फिनिश देंगे और किनारों को उधड़ने से रोकेंगे। देखें ये कितने अच्छे दिख रहे हैं।  सूची में अगला नंबर है शर्ट के निचले हिस्से पर हेमिंग करना। इसके लिए शर्ट के निचले हिस्से को दो बार ¼ इंच मोड़ें। हम इस फोल्ड पर सिलाई करेंगे। सीधे टांके के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर और स्टिच लेंथ डायल को 2.5 पर रीसेट करना न भूलें। सिलना शुरू करें और सिलते हुए मोड़ते रहें। सीमलाइन पर सिलते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। सिलने के बाद यह इस तरह दिखने चाहिए। संक्षिप्त में, हमने आस्तीन को शर्ट से जोड़ दिया है, साइड सीम को सिल दिया है और निचले हिस्से को हेम कर दिया है।


## चरण 6: बटन लगाना




हमने शर्ट लगभग सिल लिया है, केवल फिनिशिंग टच बाकी है। शर्ट को अंदर से बाहर की ओर पलटे। हम बाईं ओर बटनहोल बनाएंगे और दाईं ओर बटन लगाएंगे। पहले बटन को गर्दन के निचले भाग से लगभग 1 इंच की दूरी पर रखें और निशान लगा लें।




सुनिश्चित करें कि बटन स्ट्रिप के केंद्र पर रखा गया हो। वहां से 3 ½ इंच नापें और दूसरा निशान लगाएं। आखिर तक ऐसा ही करते रहें। बटनहोल के लिए दूसरी तरफ भी निशान लगाएं। गर्दन से 1 इंच के बाद पहला निशान होगा और बाद में हर 3 ½ इंच पर निशान लगाएं।

आस्तीन के लिए हमें सबसे पहले कफ का केंद्र लेना होगा। कफ 2 ½ इंच का है और इसलिए इसका केंद्र 1 ¼ इंच होगा। इस जगह निशान लगा लें। अब कफ के खुले किनारे से अंदर की तरफ 1 इंच पर निशान लगाएं। यह पहले बटन का निशान है। दूसरा बटन कफ के खुले हिस्से से लगभग ¼ इंच की दूरी पर रखा जाएगा। इस जगह भी निशान लगा लें। बटन इस तरह दिखेंगे।




कफ पर बटनहोल के लिए कफ के दूसरे साइड पर केंद्र को चिह्नित करें जो कि 1 ¼ इंच है। कफ के खुले हिस्से से फिर से 1 इंच नापें और निशान लगा लें। यहां बटनहोल होगा।




इसके बाद दोनों तरफ सिले हुए प्लैकेट का केंद्र लें और कफ से 2 इंच की दूरी पर बटन और बटनहोल के लिए एक निशान लगाएं।

बिलकुल यही प्रक्रिया दूसरी आस्तीन पर भी दोहराई जाएगी। सभी निशान लगाने के बाद शर्ट को अपनी सिलाई मशीन पर ले जाएं।






अगले चरण के लिए नियमित प्रेसर फुट हटा के बटनहोल फुट लगाएं। एक्सेसरी बॉक्स को हटाना और फ़ीड डॉग पोजीशन को कम करना न भूलें। एक्सेसरी बॉक्स को फिर से लगाएं और हम बटन लगाने के लिए तैयार हैं। ज़िग-ज़ैग टांके के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को C पर और स्टिच लेंथ डायल को 0 और 1 के बीच सेट करना न भूलें। जहां आप बटन लगाना चाहते हैं उस जगह को फुट से संरेखित करें और जादु देखें। आपकी उषा जेनोम एल्योर डीएलएक्स सिलाई मशीन से बटन लगाना और बटनहोल बनाना बहुत आसान है।




एक्सेसरी बॉक्स निकालें और फ़ीड डॉग पोजीशन को बढ़ाएं। पॉइंट को फुट के नीचे संरेखित करें और मशीन को बटनहोल स्टिच के लिए सेट करें। बटन और बटनहोल स्टिचिंग पर अधिक विस्तृत ट्यूटोरियल के लिए हमारी वेब साइट www.ushasew.com पर बटनहोल फिक्सिंग का ट्यूटोरियल देखें।

बटनहोल सिल जाने के बाद बटनहोल बनाने के लिए सीम रिपर का उपयोग करें। बस इतना ही! सभी बटनों के लिए ऐसा ही करें।



हमारा शर्ट तैयार है! हमने शर्ट को सिला है, बटनों को लगाया है और साथ ही बटनहोल बनाए हैं। वे दिन गए जब आपको यह सब करने के लिए अलग-अलग मशीनों और पेशेवरों की आवश्यकता होती थी। क्या हमारा शर्ट बिल्कुल स्टाइलिश नहीं दिख रहा?